देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 09 सितम्बर 2024। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में कार्यपरिषद् सदस्यों ने सर्वप्रथम माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के पिताजी श्री पूनमचंद यादव एवं डेटा साईंस एण्ड फोर कास्टिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. विजय बाबू गुप्ता के दुखद निधन पर दो मीनिट का मौन रखकर श्रृद्धांजली अर्पित की।

आज की बैठक में कैरियर एडवांस योजना के अंतर्गत आयोजित साक्षात्कार समिति की अनुशंसाओं को माननीय कार्यपरिषद् सदस्यों ने मान्यता प्रदान की, इसके अंतर्गत कुल 20 शिक्षकों (5 प्रोफेसर एवं 15 एसोसिएट प्रोफेसर के पदों हेतु) की पदोन्नती को स्वीकृति प्रदान की गई। भौतिकी अध्ययनशाला के एम.एस.सी. भौतिकी पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को प्रोफेसर के.पी. महेश्वरी के नाम पर गोल्ड मैडल स्थापित करने के प्रस्ताव को मान्य किया गया। मालवा प्रांत के ऐतिहासिक एवं पैराणिक धार्मिक स्थलों के विस्तृत अध्ययन हेतु, कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी के द्वारा प्रस्तावित श्री रामकृष्ण भारतीय ज्ञान परंपरा पीठ की स्थापना को कार्यपरिषद् ने मान्य किया। डॉ. द्विवेदी के एक अन्य प्रस्ताव ''एम.बी.ए. इन ट्रैफिक मैनेजमेंट'' पाठ्यक्रम प्रारंभ करने को भी कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की। कार्यपरिषद् सदस्य श्री अनंत पंवार जी ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय के दोनो परिसरों के आस–पास स्थित अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्यवाही की जाये। कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. वैशाली वाईकर जी ने सुझाव दिया कि मॉडल करियर सेन्टर को अधिक सुदृढ़ बनाया जाय। कार्यपरिषद् सदस्य श्री ओम शर्मा जी ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन सीट अलाटमेंट की व्यवस्था की जाए। कार्यपरिषद् सदस्य प्रोफेसर राजीव गुप्ता जी ने सूचित किया कि विश्वविद्यालय का ग्रंथालय पूर्णतः ऑटोमेटिक हो गया है। विश्वविद्यालय में मंडारिन भाषा के शिक्षण हेतु ताईवान के एक शिक्षक की सेवांए लेने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की। विश्वविद्यालय की स्नातक एवं स्नातोकोत्तर परीक्षाओं एवं अन्य शुल्क में 10 प्रतिशत की वृद्धि को कार्यपरिषद् ने मान्य किया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी